भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2050
11 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

थेनज़ोल शांति नगर परियोजना

†2050. श्री रिचर्ड वनलालह्मंगइहाः

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने मिज़ोरम में थेनज़ोल को 'शांति नगर' के रूप में विकसित करने के लिए कोई पहल की है;
(ख) यदि हाँ, तो प्रस्तावित योजना का ब्यौरा क्या है और इसके अवसंरचना, पर्यटन संबंधी और सांस्कृतिक घटक क्या हैं;
(ग) क्या सरकार ने स्वदेश दर्शन, प्रसाद या एनईएसआईडीएस योजनाओं के अंतर्गत थेनज़ोल के लिए कोई निधि या परियोजनाएँ स्वीकृत की हैं;
(घ) यदि हाँ, तो ऐसे आवंटनों का ब्यौरा क्या है और कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ङ) क्या इस परियोजना का उद्देश्य मिज़ोरम में शांति, संस्कृति और पर्यावरण-पर्यटन के लिए थेनज़ोल को एक आदर्श नगर के रूप में बढ़ावा देना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(च) थेनज़ोल शांति नगर परियोजना के अंतर्गत प्रमुख कार्यों के पूरा होने और उद्घाटन की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) से (च): जी हां, मिजोरम राज्य सरकार ने सैटेलाइट शहर के रुप में "थेनज़ॉल शांति नगर" की स्थापना हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए निधि स्वीकृत करने का अनुरोध किया है, ताकि राज्य की राजधानी अर्थात आइज़ोल पर जनसंख्या का दबाव कम हो सके। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा राज्य को 1 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है।

स्वदेश दर्शन योजना के तहत, उत्तर पूर्वी सर्किट थीम के अंतर्गत 'थेनजॉल और दक्षिण जोटे, जिला सेरछिप और रेइएक का विकास' परियोजना के लिए वर्ष 2015-16 में 92.26 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जा चुके हैं। उत्तर पूर्वी विशेष अवसंरचना विकास योजना - सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर के अतिरिक्त (एनईएसआईडीएस-ओटीआरआई) के अंतर्गत, "थेनजॉल, मिजोरम में हेलीपोर्ट और हेलीपैड का विकास" नामक परियोजना को 12.00 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर स्वीकृत किया जा चुका है। एनईएसआईडीएस (सड़कें) के तहत, "साथलूर और लाऊ नदी से होते हुए थेनजॉल-सियालसुक का निर्माण" नामक परियोजना को 45.03 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत पर स्वीकृत किया चुका है।

*****